पढ़ो पंजाब पढ़ाओ पंजाब हिंदी टीम

# पाठ्यक्रम आधारित प्रश्नोत्तर-बैंक

## कक्षा - सातवीं (हिंदी द्वितीय भाषा)

पाठ- 20

## मैं जीती

### अभ्यास

**1.नीचे गुरुमुखी और देवनागरी लिपि में दिए गए शब्दों को पढ़ें और हिंदी शब्दों को लिखने का अभ्यास करें-:**

ਅਧਿਆਪਕਾ = अध्यापिका ਪੱਤਰ = पत्र

ਲੜਕੀਆਂ = लड़कियाँ ਤੈਰਾਕ = तैराक

ਬੈਡਮਿੰਟਨ = बैडमिंटन ਪੁਸ਼ਾਕ = पोशाक

ਸ਼ਟਲ ਕਾਕ = शटल कॉक ਬੁਲਬੁਲੇ = बुलबुले

**2. नीचे एक ही अर्थ के लिए पंजाबी और हिंदी भाषा में शब्द दिए गए हैं। इन्हें ध्यान से पढ़ें और हिंदी शब्दों को लिखें-:**

ਬਦਲੀ = स्थानांतरण, तबादला ਵਤੀਰਾ = व्यवहार

ਸੇਵਾਦਾਰ = चपरासी ਅੰਨੇਵਾਹ = अंधाधुंध

ਸ਼੍ਰੇਣੀ = कक्षा ਗੁੰਮ = गायब

**3. इन प्रश्नों के उत्तर एक पंक्ति में लिखें-:**

1.प्र - अनुराधा को क्या बुरा लगता था ?

उत्तर - अनुराधा के लंगड़ेपन पर जब कोई हँसता था तो उसे बुरा लगता था।

2.प्र - उसकी माँ ने क्या कहकर उसका हौंसला बढ़ाया ?

उत्तर - माँ ने अनु से कहा कि वह बहादुर लड़की थी और उन्हें विश्वास था कि अनु की सहपाठिनें उसकी कठिनाई ज़रूर समझेंगी।

3.प्र- अनु में क्या गुण था ?

उत्तर- अनु में कई गुण थे--

(1) वह मधुर भाषी थी।

(2) वह एक अच्छी तैराक थी।

4.प्र- उसने किसे डूबने से बचाया ?

उत्तर- अनुराधा ने माला की बहन कला को डूबने से बचाया था।

5.प्र- माला ने क्या कहकर अनु का धन्यवाद किया ?

उत्तर - माला ने अनु से कहा,"यदि तुम न होती तो वह डूब ही गई होती" यह कहकर उसने अनु का धन्यवाद किया ।

**4 . इन प्रश्नों के उत्तर चार या पाँच वाक्यों में लिखें-:**

**क) अनु को शुरू में माला का व्यवहार कैसा लगा?**

उत्तर- अनु को स्कूल में माला के साथ वाली सीट मिली थी। माला एक सुंदर लड़की थी। अनु को वह बहुत अच्छी लगी। अनु चाहती थी कि वह माला से बात करें, पर माला बार-बार उसकी उपेक्षा कर रही थी। उससे अच्छे से बातचीत भी नहीं कर रही थी। माला का व्यवहार अनु के प्रति बहुत रुखा और उपेक्षा पूर्ण था।

**ख) अनु ने कला को कैसे बचाया?**

उत्तर- अनु अपने तैरने की पोशाक लेकर तरणताल पर चली गई। पानी को देखने से उसे शांति महसूस होती है। अचानक उसने पानी में बुलबुले उठते देखे। दो हाथ अंधाधुंध पानी में छपा छप कर रहे थे। 'एक लड़की डूब रही है,' देखकर अनु जल्दी से पानी में कूद गई। वह तेज़ी से आगे बढ़ी और उस लड़की के बाल पकड़ लिए। बाल छोटे होने के कारण उसके हाथों से निकल गए। अनु ने फिर पानी में डुबकी मारी और हाथ बढ़ाकर उसकी कमीज़ पकड़ ली। तभी उस लड़की ने अनु का हाथ भी पकड़ लिया। कमीज़ की पकड़ ढीली होने पर अनु ने फिर उस लड़की के बाल पकड़ लिए और पूरी ताकत से उसे तट की ओर खींचने लगी। फिर अनुराधा ने पानी फिल्टर करने वाले पाइप को एक हाथ से पकड़ लिया और उस डूबती लड़की को खींचकर दीवार के साथ लगा कर मदद के लिए पुकारने लगी। अनुराधा की आवाज़ सुनकर दो लड़कियाँ भागती हुई आईं। अनुराधा ने माला को देख कर कहा कि माला इस लड़की को बाहर निकालने में मेरी मदद करो। माला तुरंत झुकी और अचरज से कहा,"अरे! यह तो मेरी बहन कला है।" उसने ज़मीन में लेट कर अपना हाथ फैला कर कला को ऊपर खींचना चाहा लेकिन माला उसे खींच नहीं सकी। अनु भी उसकी कोई खास मदद नहीं कर सकती थी क्योंकि कला काफी भारी थी। माला ने अपनी सखी नीला को बुलाया और उन दोनों ने कला को ऊपर खींचकर ज़मीन पर लिटा दिया। इस प्रकार अनु ने अपनी पूरी ताकत और साहस का परिचय देकर कला को पानी में डूबने से बचाया।

**ग) इस कहानी का शीर्षक है 'मैं जीती।' क्या आपको यह शीर्षक ठीक लगा? क्यों?**

उत्तर- जी, हां! इस कहानी का शीर्षक 'मैं जीती' मुझे बेहद सही लगा है क्योंकि अपाहिज होकर भी जो लोग अपनी हिम्मत और साहस का परिचय वक्त आने पर देते हैं। वे जिंदगी में हर मुश्किल का सामना कर सकते हैं। इस कहानी में अनुराधा लंगड़ाने के कारण स्कूल में अपमानित महसूस करती थी। माला और बाकी लड़कियाँ भी उसका मज़ाक बनाती थी। अनुराधा ने अपनी बहादुरी का परिचय देकर माला की बहन कला को पानी में डूबने से बचाया। अनुराधा ने यह सिद्ध कर दिया कि हिम्मत और साहस के सामने शारीरिक रूप से अपाहिज होना अर्थ नहीं रखता है।

**5 . इन मुहावरों के अर्थ समझते हुए वाक्य में प्रयोग करें-:**

**क) आँसू टपकाना = रोना**

वाक्य - स्कूल में जब माला ने अनु की उपेक्षा की तो अनु की आँखों से बरबस आँसू टपक पड़े।

ख) मज़ाक बनाना = हँसी उड़ाना

वाक्य - जब कोई मेरा मज़ाक बनाता है तो मुझे बहुत बुरा लगता है।

ख) पीठ थपथपाना = शाबाशी देना

वाक्य - अनु की बहादुरी देखकर प्रिंसीपल ने उसकी पीठ थपथपाई।

## 6 . वचन बदलकर वाक्य पुनः लिखें-:

1. बच्चा मुझे देखकर हँस रहा है।

बच्चे मुझे देखकर हँस रहे हैं।

2. वह मेरी उपेक्षा कर रही थी।

वे मेरी उपेक्षा कर रहीं थीं।

3. लड़की भागती हुई आई।

लड़कियाँ भागती हुई आईं।

### 7 . कहानी में कुछ शब्द अंग्रेजी भाषा के हैं। पाँच शब्द चुनकर उन्हें हिंदी में लिखें-:

School = स्कूल

Principal = प्रिंसिपल

Office = ऑफिस

Madam = मैडम

Badminton = बैडमिंटन

Shuttlecock = शटल कॉक

Racket = रैकेट

तैयारकर्त्री : डॉ.पूर्णिमा, बी एम हिंदी ब्लाक 3 अमृतसर

श्रीमती अमृतपाल कौर ,स स स किला रायपुर ,लुधियाना

संयोजक : गुरप्रीत कौर ,स स स अठवाल अमृतसर

संशोधन : राजन, डी एम हिंदी अमृतसर

**पढ़ो पंजाब पढ़ाओ पंजाब, हिंदी टीम**